हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 12 जून 2026


तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री


14 कोडेकसा जनसमस्या निवारण शिविर में 188 ...





14 प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घ कार्यकाल पर भाजपा ...






## खबर संक्षेप

### तीन दिनी छायाचित्र प्रदर्शनी आज से

**बालोद।** देश में मोदी सरकार के सफलतापूर्वक 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा नगर पालिका परिषद कार्यालय बालोद के परिसर में स्थित टाउन हॉल में 12 से 14 जून तक 03 दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ शुक्रवार 12 जून को सुबह 11 बजे अतिथियों के द्वारा किया जाएगा।

### जिपं की सामान्य सभा की बैठक 17 को

**बालोद।** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 17 जून को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत बालोद के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने बैठक में सर्व संबंधितो को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने को कहा है।

### पंचायत भवन के स्टोर रूम में मिला कबर बिज्जू



**बालोद।** ग्राम पंचायत नेवारीकला में गुरूवार को कबर बिज्जू मिला है। जिसके बाद ग्रामीणो ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार को जब ग्राम पंचायत के लोगो ने अपने आव"यक फाईल की खोज के लिए स्टोर रूम खोला तो अंदर कबर बिज्जू देखने को मिला जो अपने दो बच्चो के साथ वहां मौजूद था। जिसकी जानकारी लगते ही ग्रामीण बड़ी संख्या में उसे देखने पहुंच गए। जिसके बाद ग्रामीणो ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी तथा वन विभाग के पहुंचने के बाद उक्त कबर बिज्जू व उसके दो बच्चो को रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार उक्त स्टोर रूम बहुत दिनो से बंद था तथा उसका वेंटिलेशन खुला था जिसके माध्यम से उक्त बिज्जू आने जाने का कार्य करता था।

### पटेल संघ ने कलेक्टर मिश्रा का किया सम्मान



**बालोद।** तहसील ग्राम पटेल संघ बालोद के द्वारा जिलाधीश दिव्या उमेश मिश्रा को बालोद जिला में उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु ससम्मान किया गया। जिसमें संघ के जिला अध्यक्ष रविशंकर कोटेन्द, तहसील अध्यक्ष पद्मश्री डोमार सिंह कुंवर, उपाध्यक्ष भाव सिंह यदुवंशी, सहसचिव हेमंत यादव, कोषाध्यक्ष जोहन प्रधान, राधेश्याम साहू, सुदामा साहू, दिनेश साहू, एवं संघ के समस्त ग्राम पटेल उपस्थित थे। यह जानकारी संघ के उपाध्यक्ष भाव सिंह यदुवंशी ने दी।

## पीपरछेड़ी-लिमोरा से मुजगहन मार्ग पर उखड़ने लगी सड़क

# गारंटी अवधि में ही जर्जर हुई पीएमजीएसवाई सड़क, मरम्मत के इंतजार में ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कों को मरम्मत की आवश्यकता है। ठेकेदार नदारद है, विभाग उदासीन, जिससे ग्रामीणों को जर्जर, लहरदार सड़कों पर चलना मजबूरी हो गई है। जो दुर्घटना का कारण भी बन सकता है।

- दर्जनों स्थानों पर पेंचवर्क और सोल्डर मरम्मत की जरूरत

वर्तमान मामला पीपरछेड़ी लिमोरा से मुजगहन मार्ग का है। कार्य बाफना कन्सट्रक्शन दुर्ग द्वारा कराया गया है। 6.20 किलोमीटर लंबी यह सड़क अभी ठेकेदार द्वारा दी गई 5 साल की गारंटी अवधी में बताई जा रही है। पर ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क में मरम्मत की आव"यकता है, किन्तु संधारण कार्य नहीं हो रहा है। जिससे



सड़क लगातार कमजोर हो रही है। विभाग का दावा है कि कम भार क्षमता की सड़क में अधिक भार के वाहन चलने से सड़क खराब हो रही है।

ग्राम मुजगहन के पास जहां से सड़क प्रारंभ हुई है वही पर बड़ा पेंच उखड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने कई बार सड़क की मरम्मत कराने को कहा लेकिन विभाग नहीं सुन रहा।

सड़क कई स्थलों से दब रही है, कुछ स्थलों में सड़क उखड़ने भी लगी है। विभाग ने पूर्व में पेंच वर्क जरूर कराया था, लेकिन वर्तमान में सड़क में दर्जनों स्थलों में पेंच वर्क करने की आव"यकता है। सड़क में सोल्डर के मरम्मत एवं मुरूम डालने की है, लेकिन मरम्मत नही होने से वाहन चालकों को वि"शि रूप से, दोपहिया वाहन चालकों को, परेशानी हो रही है।

मामले में एसडीओ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना गणेश राव पवार ने कहा मुजगहन के पास सड़क में ग्रामीणों ने पाईप डाला है। ग्रामीणों ने कहा था कि सड़क को हम बनाएंगे। लेकिन अब विभाग से बनाने को कह रहे हैं। सड़क में निर्धारित भार क्षमता से अधिक के वाहन चलने से सड़क दब रही है व उखड़ रही है। ठेकेदार से सड़क की मरम्मत कराएंगे।

## अधूरे सार्वजनिक शौचालय को पूर्ण बताने का आरोप वर्षों से लटका है ताला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम पंचायत नर्रा में अधूरे शौचालय को पूरा बता देने का गंभीर मामला सामने आया है। अधूरे शौचालय में लंबे समय से ताला लगा हुआ है जो अब जर्जर भी होने लगा है।

- नर्रा पंचायत में बना शौचालय उपयोग से पहले ही बंद पड़ा
- जंग लगे ताले से लंबे समय से बंद होने की पुष्टि

विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत नर्रा के पंचायत कार्यालय के पास ही एक सार्वजनिक शौचालय बनाया गया है। शौचालय पिछली पंचायत कार्यकाल में बनाया गया था। वर्तमान पंचायत के कार्यकाल में उसमें अभी तक कोई कार्य नहीं हुआ है क्योंकि वर्तमान सरपंच का दावा है कि वह शौचालय पूर्ण हो चुका है जबकि शौचालय का सेप्टिक टैंक ही अधूरा है। इस शौचालय में वर्शोर् से ताला लगा हुआ है, जिसे देखकर स्पष्ट होता है कि इसे लंबे समय से नही खोला गया है क्योंकि तालों में जंग लग गया है। अंदर की स्थिति क्या है यह स्पष्ट नहीं है क्योंकि उस शौचालय की चाबी किसके पास है, यह भी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। शौचालय के अंदर कार्य पूर्ण हुआ है कि नहीं यह ताला खुलने के बाद ही स्पष्ट होगा। किंतु शौचालय की बाहरी संरचना ही बयां कर रही है कि शौचालय अधूरा है, शौचालय का सेप्टिंक टैंक अधूरा है। गड्ढा कर चारदीवारी खड़ी कर उसको खुला छोड़ दिया गया है। नीचे, दीवालों को भी ऐसे ही छोड़ दिया गया है। शौचालय में महिला एवं पुरूश दोनों के लिए पृथक–पृथक व्यवस्था है। दोनों ही शौचालय में पाईप लगाने का कार्य अधूरा है। सेप्टिक टंकी से पाईप को जोड़ा नहीं गया है। शौचालय में प्लास्टिक टंकी जरूर नजर आई, लेकिन उसमें पानी कहा से जा रहा है वह पाईप लाईन नजर नहीं आई।

वर्तमान सरपंच निशा साहू ने कहा शौचालय का निर्माण पूर्व पंचायत कार्यकाल में हुआ है। शौचालय फाइनल हो चुका है।

एसडीओ आर.ई.एस. शैलेन्द्र वर्मा ने कहा नर्रा के शौचालय की स्थिति क्या है इनकी जानकारी मुझे नहीं है, मैं देखकर ही बता पाऊंगा।

## तलाक का दबाव बनाकर पत्नी से मारपीट, पति के खिलाफ मामला दर्ज

**बालोद।** पति ने पत्नी से तलाक देने कहा। पत्नी ने नही माना तो पति ने पत्नी की पिटाई कर दी। जिसके बाद पत्नी ने पति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मधु चौंक बालोद निवासी पूजा कन्नौजे ने पुलिस को बताया कि मुझे मेरे पति कुलेश्वर कन्नौजे विगत 02– 03 दिनों से शराब के नशे में तलाक दे कहकर मुझसे मारपीट कर रहे है सुधर जायेंगे सोंचकर रिपोर्ट नहीं कर रही थी, मेरे पति कुलेश्वर कन्नौजे शराब के नशे में घर आये और मुझे गाली गलौज कर तु मुझे तलाक दे जब तक तलाक नहीं देगी काम में नहीं जायेगी और तलाक दिये बिना काम में जायेगी तो तेरे को जान से मार दुंगा, कहकर धमकी देकर हाथ– मुक्का, लात एवं डण्डे से मारपीट किये है, मारपीट करने से मेरे दाहिने हाथ की हथेली, कमर एवं दाहिने कान के पास चोट आकर दर्द है।

## अवैध रेत परिवहन पर खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई, 10 वाहन जब्त

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। जिसके अंतर्गत खनिज विभाग द्वारा गुरूर विकासखण्ड एवं गुण्डरदेही का औचक निरीक्षण किया गया। जिला खनि अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान रेत के अवैध परिवहन करते पाये जाने के कारण कुल 10 वाहनों को जप्त किया गया। जिसमें रेत से भरी 05 हाईवा सीजी



08 बीएफ 9424, सीजी 08 एल 3527, सीजी 24 टी 7853, सीजी 04 पीएच 2606, सीजी 08 बीएच 1082 एवं 03 टैक्टर मय ट्रॉली सीजी 07 सीवाय 7277, सीजी 24 वी 2089 एवं सीजी 047463 तथा मिट्टी (ईंट) से भरी 02 वाहन सोल्ड महेन्द्रा एवं सीजी 24 वी 3114 सहित 10 वाहनों को जप्त कर थाना आरक्षी केन्द्र बालोद, गुण्डरदेही एवं सनौद के अभिरक्षा में रखा गया है। उन्होंने बताया कि प्रकरण में नियमानुसार खान व खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत कार्यवाही की जाएगी एवं भविष्य में भी खनिज जांच दल द्वारा खनिज के अवैध परिवहन, उत्खनन व भण्डारणकर्ताओं के विरूध्द निरंतर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा ने निकाली बाइक रैली, हुआ सुंदरकांड पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के स्वर्णिम 12 वर्ष ने कुल 4399 दिन सफलतापूर्वक पूर्ण हुए हैं। इस अवसर पर भाजपा द्वारा सभा का आयोजन पुराना बस स्टैण्ड में किया गया।

- मंदिरों में पूजा-अर्चना कर राष्ट्र की समृद्धि की कामना

जिसमे राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ भारत ने विकास, सुरक्षा, आत्मनिर्भरता एवं वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं। इसी उपलक्ष्य में संजारी–बालोद विधानसभा स्तरीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन बालोद के हृदय स्थल स्थित शिव मंदिर, पुराना बस स्टैंड में किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सायं 5 बजे रेस्ट हाउस में कार्यकर्ता एकत्रित हुए। इसके पश्चात वहां से बाइक रैली निकाली गई। रैली



बालोद शहर में भ्रमण करते हुए विभिन्न मार्गोर् से होकर निकली। रैली के उपरांत शहर के विभिन्न मंदिरों में पूजा–अर्चना कर राष्ट्र की समृद्धि, विकास एवं जनकल्याण की कामना की गई। इसके पश्चात शिव मंदिर परिसर में महिला मोर्चा के नेतृत्व में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सुंदरकांड पाठ सायं 5 बजे प्रारंभ होकर रात्रि 8 बजे तक चला। कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीरामचंद्र एवं श्रीहनुमान की आरती संपन्न हुई तथा श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

इस अवसर पर विशेष रूप से प्रदेश भाजपा महामंत्री यशवंत जैन, लघु वनोपज संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा, जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, कृष्ण कांत पवार, जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव, शहर मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, जिला मंत्री प्रेम साहू, निशा योगी, मिडिया प्रभारी कमल पनपालिया, प्रदेश युवा मोर्चा प्रशिक्षण सह प्रमुख संजय सानू तथा युवा मोर्चा शहर अध्यक्ष राहुल सोनी सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा, महिला मोर्चा एवं जिले के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जल जीवन मिशन का काम तीन साल से ठप

# चार साल में सिर्फ चार पिलर, अधूरी पानी टंकी से 1100 ग्रामीण पेयजल संकट में

**बालोद/ गुण्डरदेही/कलंगपुर।** विकासखण्ड गुण्डरदेही में आधे से अधिक ग्रामो में जल–जीवन मिशन के तहत बन रही पानी टंकी वर्शो से ग्रामीणो के लिए नासुल बना हुआ हैं। पी.एच.ई. विभाग की धीमी चाल व निर्णय लेने में विलंब करने से ग्रामीणों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। ताजा मामला गुण्डरदेही विकासखण्ड में ग्राम पंचायत चारभाठा मुख्यालय में बन रही पानी टंकी का है, जहां चार साल में चार पिलर ही खड़ा हो पाया है। पिलर खड़ा करने के बाद ठेकेदार ऐसा भागा कि तीन साल से विभाग उससे कार्य नहीं करा पाई। ठेकेदार को कार्य स्थल से भागने की ऐसी जल्दी रही कि वह कार्यस्थल में निर्माण सामग्री को लावारिस छोड़ दिया। कार्य स्थल पर आज भी सीमेंट की बोरियां पड़ी हुई है जो अब पूरी तरह जमकर पत्थर हो गई है, अन्य निर्माण सामग्री


- 11 हैंडपंपों में आधे बंद, ग्रामीण निजी बोरिंग कराने को मजबूर



भी कार्यस्थल पर रखी हुई है। पानी टंकी के लिए पिलर खड़ा कर उसमें टंकी बनाने के लिए प्लेट लगाने के लिए चैली बांधने के बाद कार्य बंद पड़ा है। ग्रामीण बताते हैं कि बीते तीन सालों से यह निर्माणाधीन टंकी इसी स्थिति में है। वर्शोर् से धूप में पानी टंकी इसी स्थिति में रहने के कारण बांस व बल्ली सड़ने व कमजोर होने की स्थिति में आ गई है जिससे उसके कभी भी गिरने का खतरा पैदा हो गया है, ग्राम में पाईप लाइन का कार्य भी अधुरा है। पाईप लाईन के लिए खोदे गए गढ्ढे भी पूर्णता के अभाव में उखड़े पड़े है जो बारिश के दिनो में कीचड़ पैदा कर ग्रामीणो के लिए मुश्किल पैदा करेंगे।

लगभग 1100 की आबादी, पी.एच.ई. विभाग की कमजोर कार्य प्रणाली के कारण ग्रामीण जलसंकट से जूझ रही है। ग्राम में 11 हैण्डपंप है जिसमें से आधे बंद पड़े हुये हैं। मजबूरन सम्पन्न ग्रामीण स्वयं का बोर खनन करा रहे हैं या हैण्डपंप के सहारे पेयजल की व्यवस्था कर रहे हैं। सरपंच रोहित कुमार ने कहा, हमने सुशासन त्यौहार में आवेदन भी लगाया है। कार्य तीन साल से रूका पड़ा है, पाईप लाईन अधूरा है पाईप डालने के बाद सड़को को पक्का नही किया गया है। ग्राम में पेयजल संकट है।

एसडीओ, पी.एच.ई विशाल नेताम ने कहा ठेकेदार का टेण्डर निरस्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है उसकी अमानत राशि को भी जप्त किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### माटरा में बिजली का नया उपकेन्द्र लोकार्पित

**दुर्ग।** बिजली कंपनी के दुर्ग क्षेत्र अंतर्गत माटरा में नवनिर्मित नया 33/11 केवी बिजली उपकेंद्र लोकार्पित हुआ। कार्यक्रम में मंत्री गजेंद्र यादव प्रमुख रूप से शामिल हुए। विद्युत उपकेन्द्र का भव्य लोकार्पण आज दिनांक 04 जून 2026 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस नए उपकेन्द्र के प्रारंभ होने से क्षेत्र के ग्रामीणों और किसानों को लो-वोल्टेज की समस्या से मुक्ति मिलेगी। गजेन्द्र यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ग्रामीण अंचलों के चहुमुखी विकास और किसानों को सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। यह नया विद्युत उपकेन्द्र माटरा और आसपास के गांवों में कृषि व घरेलू बिजली व्यवस्था को और मजबूत करेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सांसद विजय बघेल ने की। समारोह में विधायक दीपेश साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जितेन्द्र साहू, अवधेश सिंह, लीमन साहू, उषा सोनवानी, डोमेन्द्र सिंह राजपूत, राजेश साहू, डॉ. एनके तिवारी, किसुन लाल साहू, उकेन साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### मोदी असाधारण व्यक्तित्व के धनी : साहू



**जामगांव आर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं राष्ट्र के निरंतर विकास हेतु भारतीय जनता पार्टी मंडल जामगांव आर अध्यक्ष कमलेश साहू के नेतृत्व में राम मंदिर जामगांव आर में विशेष पूजा-अर्चना एवं मंगलकामना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कमलेश साहू ने इस दौरान कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी असाधारण व्यक्तित्व के धनी है। उन्होंने भारत के विकास एवं निरंतर वैश्विक प्रतिष्ठा को नए आयाम पर स्थापित किया है। वे भारत के सर्वाधिक लंबे समय तक रहने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बने हैं।

इस दौरान भगवान राम की पूजा अर्चना में पुणेद्र सिंहा महामंत्री , रामकुमार चन्द्राकर जनपद सदस्य , लुभम बंछोर भाजयुमो अध्यक्ष ,नरेश केला, नंदनी साहू ,मेघनाथ सगरवंशी, अंगेश्वर साहू ,मुकेश साहू ,मनीष जैन ,सीता राम साहू ,कामता साहू, कोमल साहू , जिरोखन चन्द्राकर, उज्वल केला , पंडित मुरली मुरली वैष्णव , जागेश्वर साहू और सुभाष केला आदि ने की पूजा अर्चना की।

### चखना सेंटरों की आबकारी विभाग करेगा जांच

**भिलाई।** शराब दुकान के आसपास चल रहे अवैध चखना सेंटरो को लेकर जिले का अबकारी अमला ने गंभीरता से लेते हुए जांच कर कार्रवाई करने का मन बना लिया है। जिले में सैकड़ों की संख्या में चखना सेंटर अवैध रूप से संचालित है। इसे लेकर आबकारी अमला ठेका खोमचों का लिस्टिंग करना शुरू कर दिया है। नेहरु नगर, भिलाई तीन, कुम्हारी, सुपेला, पाटन, रिसाली, धनोरा, दुर्ग, रसमड़ा में लग रहे अवैध चखना सेंटर की जांच होना है।

# न्यू खुर्सीपार में प्रेमप्रकाश पांडेय ने 800 युवा मतदाताओं का किया सम्मान

## पूर्व केबिनेट मंत्री पांडेय के जन्म दिवस पर शहर में विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई







पूर्व केबिनेट मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय के जन्म दिन पर शहर में भाजपा कार्यकर्ताओं,श्रीराम जन्मोत्सव समिति सहित विभिन्न संगठनों द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए दीर्घायु होने की कामना की। श्री पांडेय ने विकास के लिए सेवा की राजनीति को समृद्ध करने का आह्वान किया।

श्री पांडेय की वर्षगांठ पर श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा न्यू खुर्सीपार में अग्रसेन भवन में नवयुवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यो के प्रति जागरुक करने भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि श्री पांडेय थे। समिति के प्रांतीय अध्यक्ष रमेश माने, शहर अध्यक्ष बुधन सिंह ठाकुर व सचिव मुरलीधर अग्रवाल मंच पर उपस्थित थे। समिति द्वारा इस अवसर पर आठ सौ नव युवा मतदाताओं का सम्मान समारोह हुआ। श्री पांडेय ने पहली बार मतदान करने वाले 8 सौ नवयुवकों को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि श्री पांडेय ने अपने उदबोधन में कहा कि आज के युवा न सिर्फ देश की बल्कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की असली ताकत हैं। लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन हैं, जो प्रजातांत्रिक मूल्यों के साथ विकास के विजन को भी समृद्ध करती है।

कार्यक्रम का संचालन आयोजन समिति के मुरलीधर अग्रवाल ने व आभार प्रदर्शन रमेश माने ने किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री श्री पांडेय को 101 लड्डुओं से तौला गया। खुर्सीपार के अलावा श्री पांडेय के जन्म दिन पर हनुमान मंदिर सेक्टर नौ में भी कार्यक्रम हुआ। श्री पांडेय के संकटमोचन के दर्शन को बाद शुभचिंतकों ने जन्म दिन पर लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की। इसी तरह रुआबांधा चौक हनुमान मंदिर में भी कार्यक्रम हुआ। भाजपा के पूर्व मंत्री विष्णु पाठक ने श्री पांडेय के राजनीति के 4 दशक की यात्रा में भिलाई के चहुंमुखी विकास से अवगत कराया। इसके अलावा बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव अंकुर मिश्रा, कोषाध्यक्ष सौभाग्य रंजन साहू, पूर्व सचिव कृष्णानंद राय, ज्योतिश शर्मा आदि ने भी वरिष्ठ भाजपा नेता श्री पांडेय के जन्मदिन पर मिलकर शुभकमानएं दीं।

### साव समाज सहित आधा दर्जन संगठनों ने किया सम्मान

पूर्व मंत्री श्री पांडेय के जन्मदिवस पर कुष्ठाश्रम में खुर्सीपार मंडल द्वारा भोजन वितरण किया गया। खुर्सीपार में ही पार्षद पीयूष मिश्रा के आयोजन में सुंदरकांड पाठ विशाल भंडारा का आयोजन हुआ। श्री पांडेय ने यहां दो उद्यानों का लोकार्पण भी किया। इसके अलावा आम्रपाली वनांचल सिटी वैशालीनगर में नागरिकों और अमित इंटरनेशनल होटल में साव समाज द्वारा भी श्री पांडेय के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं। पूर्व में सेक्टर नौ निवास पर कार्यकर्ताओं व शुभचिंतकों ने केक काटकर उन्हें बधाई दी। विभिन्न कार्यक्रमों में श्री पांडेय ने विकास के लिए शहरवासियों की सेवा करते रहने रहने के संकल्प को दोहराया।

## सेल की बैठक में धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं का होगा 1 रुपए में नवीनीकरण

# 14 साल के संघर्ष बाद लीजधारियों को मिली बड़ी सफलता, पांडेय व बघेल का अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

टाउनशिप के व्यवसायियों और विभिन्न संगठनों की लीज नवीनीकरण की 14 साल पुरानी बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो गई है। सेल ने अपनी पुरानी नीति में बदलाव लाते हुए लीज रिन्यू का रेट कम कर दिया है। इससे सैकड़ों लीजधारियों को राहत मिलेगी। लाभान्वितों ने सांसद विजय बघेल व पूर्व केबिनेट मंत्री के प्रति आभार जताया है।

सेल (स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड) की दिल्ली में हुई बैठक में लीज नवीनीकरण पर अहम निर्णय लिया गया। भिलाई टाउनशिप सहित सेल के सभी प्लांटों की टाउनशिप में संचालित सामाजिक, धार्मिक,शैक्षणिक और व्यापारिक संस्थाओं को इस फैसले से राहत मिलेगी। उल्लेखनीय है कि पिछले 14 साल से लीजधारी वाजिब रेट पर लीज रिन्यू शुल्क तय करने के लिए पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकश पांडेय के प्रयास कर रहे थे। सेल के निर्णय में सांसद विजय बघेल व श्री पांडेय का योगदान रहा। बैठक में नवीनीकरण की समस्या के समाधान के लिए सेल को अपनी पुरानी नीति में परिवर्तन करना पड़ा। निर्णय के अनुसार धार्मिक संस्थाओं सामाजिक संगठनों के लिए लीज नवीनीकरण रेट 1 रुपए टोकन मनी तय किया जाना बताया जा रहा है। इसी तरह अन्य के लिए कुल जमीन का 10 प्रतिशत लिया जाएगा। आवास के लिए10 प्रतिशत शुल्क तय किया गया है। दुकानदारो के लिए कुल जमीन का 25 प्रतिशत नवीनीकरण शुल्क रखा गया है। अब ब्याज 18 प्रतिशत की जगह 9 प्रतिशत ही लिया जाएगा।

## व्यापारियों को 25 रुपए व ब्याज भी सिर्फ 9 प्रतिशत



### व्यापारियों ने किया प्रबंधन से जल्द अमल का आग्रह

स्टील सिटी चेंबर के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने श्री पांडेय व सांसद विजय बघेल का आभार जताते हुए कहा कि लीजधारियों के हित में लिए नवीनीकरण शुल्क में राहत के निर्णय से व्यापारियों सहित सभी आर्थिक, मानसिक परेशानी से मुक्ति मिलेगी। जैन ने बीएसपी प्रबंधन से आग्रह किया कि अब नई नीति के क्रियान्वयन में तेजी लाई जाए। छिटपुट त्रुटियों को दूर करने चेंबर से सहयोग लिया जाए। इस अवसर पर चेंबर के रामकुमार गुप्ता, दिनेश सिंघल, सुरेश रतनानी, पीयूष जैन, श्रीनिवास खेड़िया, ज्ञानचंद बाकलीवाल,करमजीत गगन, अजय दीक्षित,रामकिशन मूंदड़ा आदि व्यापारी मौजूद थे।

### सेल के निर्णय से शैक्षणिक को भी राहत

पत्रकारों से चर्चा करते हुए सांसद विजय बघेल व पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने बताया कि लीज रिन्यू में राहत के लिए भिलाई के लीजधारी पंद्रह साल से संघर्ष कर रहे थे। सेल का निर्णय इनके लिए लाभकारी है। सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के भवनों का पंजीयन व लीज नवीनीकरण मात्र 1 रुपए टोकन राशि पर किया जाएगा। पुरानी नीति समाप्त होने से वर्षों से लंबित मामलों पर लगने वाला भारी ब्याज होने से स्वतह समाप्त हो जाएगा। इससे मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा चर्च, सामाजिक व शैक्षणिक संस्थाओं को लाखों रुपए की राहत मिलेगी। हालांकि अब तक इस संबंध में यहां आदेश नहीं आया है लेकिन सेल के इस निर्णय पर क्रियान्वयन के लिए बीएसपी प्रबंधन को अधिकृत किया जाना बताया जा रहा है। संबंधित संस्थाओं को भुगतान की औपचारिकताओं को पूरा करने 2 साल का समय दिया जाएगा। विसंगतियों पर चर्चा करने का भी निर्देश दिया गया है। इसके लिए सीजीएम स्तर के 3 अधिकारियों को अधिृत किया जाएगा। व प्रकरणों की समीक्षा कर निर्णय के लिए सेल मुख्यालय भेजेंगे।

### मंदिर-मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा को लाभ : पांडेय

भिलाई स्टील सिटी चैंबर आफ कामर्स द्वारा काफी हाउस में सांसद विजय बघेल व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय का लीज रिन्यू के निर्णय के सफलता के लिए अभिनंदन किया गया। श्री पांडेय ने कहा कि लीज नवीनीकरण शुल्क से राहत के लिए भिलाई के लोग 15 साल से संघर्ष कर रहे थे। मामले में कई बार हमने कलेक्टर व दिल्ली स्तर पर कई बार प्रयास किए। सांसद विजय बघेल के प्रयास से लीज रिन्यू में रियायत का लाभ संबंधितों को मिलेगा। श्री पांडेय ने कहा कि इससे मंदिर मस्जिद,गुरुद्वारा व चर्च सहित शैक्षणिक व संस्थाओं को राहत मिलेगी। सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं को 1 रुपए में नवीनीकरण हो होगा। व्यवसायियों का 25 रुपए लगेगा। इससे ही बीएसपी को रुका हुआ राजस्व भी मिलेगा। उन्होंनेइसके लिए पीएम मोदी, इस्पात मंत्री कुमार स्वामीव सेल प्रबंधन के सहयोग के लिए आभार जताया।

## बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी के विरोध में बसपाइयों ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

बहुजन समाज पार्टी दुर्ग जिला इकाई के अध्यक्ष दीपक चंद्राकर के नेतृत्व में बसपा कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर को 9 सूत्रीय मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा कि लगातार पेट्रोल डीजल की बढ़ती कीमतों से आम जनता व किसान परेशान है, जिससे आम नागरिकों की आर्थिक स्थिति को अत्यंत कमजोर कर रहा गया है। परिवहन महंगा होने से खाद्य सामग्री दैनिक उपयोग की वस्तुएं एवं अन्य आवश्यक समानों के दाम लगातार बढ़ रहे हैं।

कई क्षेत्रों में ईंधन की कमी व आपूर्ति बाधित होने की शिकायत सामने आती रही है, जिससे ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के लोगों परेशान है गरीब मजदूर, छोटे व्यापारी तथा मध्यवर्गीय परिवारो पर इसका सीधा असर पड़ा है डीजल की बढ़ती कीमतें का सबसे अधिक प्रभाव किसानों पर पड़ रहा है। सरकारी विभागों में लम्बे समय से रिक्त पदों पर भर्ती नहीं की जा रही हैं निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर सीमित हैं। शिक्षित युवा रोजगार के अभाव में आर्थिक एवं मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में जोन प्रभारी भूषण नादिया, कृष्ण कोसेवाड़ा, बंटी चौरे, हीरालाल टंडन, सचिन गवई, संतोष बंजारे, संजय श्यामकुवर, रामलाल दामले, एलडी मासुलकर, विजय कश्यप, शांतिलाल बंजारे, शारदा प्रसाद कोसले, जितेंद्र रंगारी, महेंद्र चौहान, चैन सिंह धृतलहरे, संतराम भारती, बीसी पटेला, दिनेश शिंदे व अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

### गैस सिलेंडर महंगा, जनता को हो रही परेशानी



**सेलूद।** घरेलू एलपीजी सिलिंडर की कीमत में 29 रुपये की बढ़ोतरी पर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण ) के सचिव लोचन यादव ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि महंगाई की आग अब हर घर और हर रसोई तक पहुंच चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। लोचन यादव ने कहा कि पिछले तीन महीनों में दूसरी बार घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाए गए हैं।

## कार्यकर्ताओं ने चरोदा मंडल में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



पीएम नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष के सफल कार्यकाल होने पर चरोदा मंडल अध्यक्ष ए गौरी शंकर के नेतृत्व में विधायक राज महंत डोमनलाल कोसेवाड़ा के जनसंपर्क अभियान के तहत सतनाम भवन चरोदा बस्ती में एक पेड़ मां के नाम से पौध रोपण किया। इस दौरान जैतखाम सतनाम भवन में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की गई। प्रगति पथ निर्माणधीन मिनी स्टेडियम चरोदा का भी अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में राज मखीजा, रामानंद जांगड़े, मनोज ओझा, प्रवक्ता प्रेमलाल साहू, पूर्व नपा अध्यक्ष शशिकांत बघेल जी विधायक ,विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू ,चंद्र प्रकाश पांडे, पूर्णिमा ठाकुर राजेश मौर्य, सुजाता डोंगरे, पूनम श्रीवास्तव, के के शर्मा, बलजीत कौर समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भगवान बलराम की पूजा के साथ खरीफ सीजन की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

- मौसम विभाग द्वारा इस वर्ष अच्छे मानसून के संकेत मिलने से किसानों में उत्साह



पाटन क्षेत्र में खरीफ फसल सीजन की तैयारियां तेज हो गई हैं। किसानों ने भगवान बलराम की पूजा-अर्चना कर खेती-किसानी कार्यों का शुभारंभ किया। गांवों में धान की नर्सरी (थरहा) तैयार करने के लिए धान बीज का छिड़काव शुरू हो गया है, वहीं कई किसान धान की बोनी भी प्रारंभ कर चुके हैं। मौसम विभाग द्वारा इस वर्ष अच्छे मानसून के संकेत मिलने से किसानों में उत्साह का माहौल है। समय पर बारिश की उम्मीद के चलते खेतों में कृषि गतिविधियां बढ़ गई हैं और किसान पूरे जोश के साथ खरीफ फसल की तैयारी में जुटे हुए हैं। ग्राम बठेना के प्रगतिशील कृषक सुनील वर्मा ने अपने खेत में भगवान बलराम की पूजा-अर्चना कर खेती कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने अच्छी वर्षा और बेहतर उत्पादन की कामना करते हुए धान की नर्सरी तैयार करने का कार्य शुरू किया। किसानों का कहना है कि सरकार द्वारा धान का समर्थन मूल्य बढ़ाए जाने के बाद धान की खेती के प्रति उनका रुझान और बढ़ा है। बेहतर मूल्य मिलने की उम्मीद से किसान अधिक क्षेत्र में धान की खेती करने की योजना बना रहे हैं। क्षेत्र के कृषि जानकारों के अनुसार यदि मानसून सामान्य रहता है तो इस वर्ष धान उत्पादन में वृद्धि होने की संभावना है। खेती की शुरुआत के साथ ही ग्रामीण अंचलों में एक बार फिर खेत-खलिहानों की रौनक लौट आई है।

## जिले के शासकीय एवं निजी विद्यालयों के प्राचार्यों और प्रबंधकों को दिए निर्देश

# स्कूल खुलने की तैयारी, बसों की होगी जांच, लगेंगे कैमरे

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नए शैक्षणिक सत्र को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। इसी कड़ी में शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग हुडको में जिले के शासकीय एवं निजी विद्यालयों के प्राचार्यों और प्रबंधकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने स्कूल खुलने से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

कलेक्टर ने पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए बताया कि शासकीय हाई स्कूलों में पुस्तकें पहुंच चुकी हैं, जबकि सेजस एवं निजी विद्यालयों में अगले तीन-चार दिनों में उपलब्ध हो जाएगी। उन्होंने स्कूल परिसरों की साफ-सफाई, पेयजल, वॉटर फिल्टर, शौचालय, पाठ्यपुस्तक, गणवेश एवं साइकिल वितरण की व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जर्जर भवनों को अनुमति लेकर डिस्मेंटल करने और मरम्मत योग्य भवनों की शीघ्र मरम्मत कराने को कहा।

### भीड़ वाली जगह पर कैमरे लगाने के निर्देश

बैठक में पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता बताई। उन्होंने स्कूल बसों की नियमित जांच और चालकों की मॉनिटरिंग करने, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा स्कूलों में नशामुक्ति अभियान चलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम के लिए सुरक्षा मानकों का पालन आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने के लिए विशेष रूप से प्रेरित किया जा रहा है।



### सर्वाइकल कैंसर के बचाव के लिए टीकाकरण जरूरी

कलेक्टर ने स्कूलों में 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी एवं 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण हेतु बच्चों एवं अभिभावकों को प्रेरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अभिभावकों की सहमति प्राप्त कर अधिक से अधिक बालिकाओं का टीकाकरण सुनिश्चित करने को कहा। स्वास्थ्य विभाग की टीकाकरण अधिकारी ने बताया कि यह टीका सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में प्रभावी है और केवल एक बार लगाया जाएगा। बैठक में विद्यार्थियों के बायोमेट्रिक अपडेट कार्य की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बताया कि जिले में 96 प्रतिशत बच्चों का बायोमेट्रिक अपडेट हो चुका है। शेष बच्चों का कार्य पूरा करने के लिए स्कूलों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे।

### स्कूलों में फायर सेफ्टी के लिए मॉकड्रिल के निर्देश

समीक्षा बैठक में जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी, नगर सेना ने विद्यालयों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में आगजनी की घटनाओं की आशंका को देखते हुए सभी स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए फायर सेफ्टी मॉकड्रिल आयोजित की जाए। इससे बच्चों को आपातकालीन स्थिति में सुरक्षित निकासी और बचाव के तरीकों की जानकारी मिलेगी तथा संभावित अग्नि दुर्घटनाओं के दौरान जनहानि और नुकसान को कम किया जा सकेगा। कलेक्टर श्री सिंह ने स्कूल प्रबंधन को अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता और उनकी नियमित जांच सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

# 140 घरों के सर्वे में 21 लोगों की पीलिया जांच, नहीं मिला केस

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वार्ड 67 स्थित सेक्टर-7 की सड़कों 31, 41, 42 और 43 में संभावित पीलिया की जांच के लिए बुधवार को स्वास्थ्य विभाग और निगर निगम की टीम ने 140 घरों का निरीक्षण किया। 21 लोगों के सैंपल लेकर जांच कराई गई। इसमें पीलिया की पुष्टि नहीं हुई है। प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रण में बताया है। वहीं पानी का सैंपल लेकर उसे चन्दूलाल मेडिकल कॉलेज में जांच के लिए भेजा गया। सेक्टर 7 में लगातार मिल रहे पीलिया के मरीजों को देखते हुए जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे, एपिडेमियोलॉजिस्ट, मोबाइल मेडिकल यूनिट की टीम, नगर निगम के अधिकारी और स्थानीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं ने प्रभावित इलाके का निरीक्षण किया। टीम ने घर-घर जाकर लोगों की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली और आवश्यक परीक्षण कराए।

नगर निगम भिलाई और स्वास्थ्य विभाग ने क्षेत्र से पानी के सैंपल लेकर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जांच के लिए भेजा है। अधिकारियों का कहना है कि दूषित पानी से होने वाले संक्रमण की आशंका को देखते हुए निगरानी बढ़ा दी गई है। स्वास्थ्य विभाग की मोबाइल मेडिकल यूनिट ने कुल 21 लोगों की जांच की, जिसमें सीबीसी, एलएफटी, आरएफटी समेत अन्य आवश्यक टेस्ट शामिल थे। अधिकारियों के अनुसार, अब तक किसी भी व्यक्ति में पीलिया का पॉजिटिव मामला सामने नहीं आया है।

## खबर संक्षेप

### डेढ़ लाख रुपए के गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कैलाश नगर दुर्ग के पास दबिश देकर कुल 2.506 किलोग्राम गांजा, 50 पुड़िया मादक पदार्थ जब्त किया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर शक्ति नगर, दुर्ग निवासी नितेश साहू बताया है। आरोपी के पास से एक सफेद थैले के झिल्ली के अंदर से 2.324 किलोग्राम गांजा,एयरटाइट पॉलीथीन में रखा 50 गांजा पुड़िया, वजन 0.182 किलोग्राम, नगद 8 हजार रुपए बरामद किया। उक्त सामानों की कीमत 1.50 लाख रुपए आंकी गई है।

### कार से इंटर कूलर की चोरी करने वाला पकड़ा गया

**भिलाई।** गैरेज में खड़ी कार से इंटर कुलर चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि विश्वकर्मा मार्केट, सुपेला में श्री बालाजी रत्ना मोटर्स वर्क्स में वाहन मरम्मत किया जाता है। मरम्मत के लिए वाहनों को गैरेज में खड़ा किया जाता है। इस दौरान कार वाहन सीजी 07 एजी 4848 में लगा इंटर कूलर गायब था। शिकायत के बाद पुलिस ने गैरेज में लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक किया। जिसमें युवक इंटर कूलर कपड़े में लपेटकर ले जाते दिख रहा था। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम डमरू पारा वार्ड 8, न्यू कृष्णा नगर सुपेला निवासी बंटी उर्फ बेटी जी नट बताया है। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। पुलिस ने बताया कि ऐसे लोगों को लेकर जिले में लगातार सर्चिंग की जा रही है।

### सड़क हादसे में चालक की मौत

**भिलाई।** सड़क हादसे में वाहन चालक की मौत हो गई। घटना मंगलवार की है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि ग्राम समोदा वार्ड 11 निवासी चेतन लाल साहू भटगांव मोबाइल रिपेयर कराने और घरेलू सामान खरीदने गया था। शाम को घर वापस लौटते समय भटगांव और जेवरा के बीच पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार ठोकर मार दी। हादसे में बाइक सवार चेतन की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक चेतन कुमार साहू पेशे से वाहन चालक था। परिवार के मुख्य कमाने वाले मृतक था। परिवार में पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा है। खबर लगने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि दो साल पहले चेतन के सबसे छोटे भाई की भी कोंटा-सुकमा मार्ग पर सड़क हादसे में मौत हो गई थी। अब दूसरे बेटे की मौत से परिवार गहरे सदमे में है।

### रवेली की जमीनों की खरीदी-बिक्री पर प्रतिबंध

**दुर्ग।** अचानकपुर जलाशय परियोजना के अंतर्गत ग्राम रवेली पाटन की चिन्हित भूमि पर जमीन संबंधी लेनदेन पर अस्थायी प्रतिबंध लगाया गया है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी, पाटन के पत्र के आधार पर छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशों के परिपालन में यह आदेश जारी किया गया है।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर साहू समाज ने किया पौधारोपण, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर परिक्षेत्रीय साहू समाज 256 चौक द्वारा वार्ड क्रमांक-5 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पौधे रोपकर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया तथा लोगों से अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान तहसील साहू संघ के अध्यक्ष शीतल साहू ने कहा कि निरंतर हो रही वृक्षों की कटाई के कारण धरती का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है, वहीं वर्षा और ठंड का स्वरूप भी प्रभावित हुआ है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के पारंपरिक फल जाम (अमरूद) का उदाहरण देते हुए कहा कि जो फल कभी हर घर और बाड़ी में सहज उपलब्ध होता था, वह अब धीरे-धीरे दुर्लभ होता जा रहा है। यह प्रकृति के असंतुलन का स्पष्ट संकेत है। उन्होंने कहा कि केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसे वृक्ष बनने तक संरक्षित करना भी प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। सचिव राजेश कुमार साहू ने कहा कि यदि आज पर्यावरण संरक्षण के प्रति गंभीर प्रयास नहीं किए गए तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ हवा, हरियाली और पेड़ों की शीतल छाया से वंचित होना पड़ सकता है। उन्होंने लोगों से पर्यावरण बचाने के लिए सामूहिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

**पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर आंगनबाड़ी पहुंचा साहू समाज**





**ये रहे मौजूद**

पौधारोपण कार्यक्रम में परिक्षेत्रीय अध्यक्ष राजेश्वरी साहू, चंपा साहू, महेश्वरी साहू, धानबाई साहू, खूब लाल साहू, हेमंत सोनबोईर, राज किशोर साहू तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तश्रिमा खान सहित समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप देने और हर वर्ष अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया।

## आयोजन : शहीद अस्पताल ने मनाया गौरवशाली शहीद सप्ताह

# श्रमिकों के सपनों से बना शहीद अस्पताल गूंजा संघर्ष, सेवा और एकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा

शहीद अस्पताल ने अपने 43वें शहीद दिवस के अवसर पर 26 मई से 2 जून तक शहीद सप्ताह का आयोजन कर संघर्ष, सेवा, समर्पण और सामूहिकता की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत की। पूरे सप्ताह चले विविध आयोजनों में चिकित्सकों, कर्मचारियों, मरीजों और उनके परिजनों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। आयोजन का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि अस्पताल परिवार के भीतर टीम भावना, सामाजिक जिम्मेदारी और मानवीय मूल्यों को मजबूत करना रहा।

शहीद सप्ताह की शुरुआत समानता स्वच्छता अभियान से हुई। अस्पताल परिसर के विभिन्न हिस्सों में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता, जिम्मेदारी और मानवता के प्रति अपने कर्तव्यों का संकल्प लिया। सप्ताह भर खेल, सांस्कृतिक और रचनात्मक प्रतियोगिताओं की धूम रही। क्रिकेट, थ्रो बॉल, डॉज बॉल, रस्साकशी, जल दल प्रतियोगिता, जलेबी दौड़, कंचा-चम्मच दौड़ सहित अनेक खेलों में प्रतिभागियों ने अपनी ऊर्जा और कौशल का प्रदर्शन किया। चित्रकला प्रतियोगिता में रचनात्मकता की झलक दिखाई दी, वहीं बच्चों ने भी अपनी प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया।





**रक्तदाता रामटेके का किया सम्मान**

शहीद दिवस के अवसर पर अस्पताल परिसर में कौशल प्रयोगशाला का शुभारंभ किया गया। साथ ही नियमित रक्तदान कर अनेक जरूरतमंद मरीजों की सहायता करने वाले अरविंद रामटेके को सम्मानित किया गया। इसके पश्चात विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

**जीत और हार से अधिक महत्वपूर्ण टीम भावनाः डॉ. जाना**

समापन समारोह में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जाना ने आयोजन से जुड़े सभी चिकित्सकों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि जीत और हार से अधिक महत्वपूर्ण टीम भावना होती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन कार्यस्थल पर सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और आपसी सहयोग को मजबूत बनाते हैं। इस अवसर पर उन्होंने घोषणा की कि 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी महिला एवं पुरुषों के लिए बाह्य रोगी विभाग की सुविधा पूर्णतः निःशुल्क रहेगी। प्रतियोगिताओं में टीम जनता ने सर्वाधिक अंक अर्जित कर समग्र विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि टीम जंगल उपविजेता रही।

**प्रस्तुतियों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध**

प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से आयोजित सांस्कृतिक संध्या में गीत, कविता, नृत्य और रचनात्मक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सप्ताह के अंतिम दिन आयोजित खजाने की खोज प्रतियोगिता ने रोमांच और उत्साह का नया वातावरण बनाया, जिसमें सभी टीमों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया।

**मजदूरों के संघर्ष और बलिदान की जीवंत पहचान है शहीद अस्पताल**

शहीद अस्पताल केवल एक स्वास्थ्य संस्था नहीं, बल्कि श्रमिक एकता, संघर्ष और आत्मनिर्भरता का ऐतिहासिक प्रतीक है। मजदूर आंदोलन के अग्रणी नेता शंकर गुहा नियोगी के नेतृत्व में खदान श्रमिकों ने अपने पसीने और मेहनत से इस अस्पताल का निर्माण किया। अस्पताल की प्रत्येक ईंट श्रमिकों के योगदान और त्याग की गवाही देती है। एक प्रसूता महिला की उपचार के दौरान हुई मृत्यु ने श्रमिकों को गहराई से झकझोर दिया था। इसी पीड़ा से यह विचार जन्मा कि मजदूरों और आम लोगों के लिए अपना अस्पताल होना चाहिए। पहले एक छोटी चिकित्सालय की शुरुआत की गई और बाद में श्रमिकों ने अपनी एक माह की खदान भत्ता राशि एकत्र कर अस्पताल निर्माण का संकल्प लिया। हजारों मजदूरों ने श्रमदान कर अस्पताल को आकार दिया। बताया जाता है कि एक ही दिन में लगभग दस हजार श्रमिकों ने मिलकर अस्पताल की छत ढालने का कार्य किया था। वर्ष 1977 में हुए गोलीकांड में शहीद हुए 11 मजदूरों की स्मृति में इस संस्थान का नाम शहीद अस्पताल रखा गया। 3 जून 1983 को खदान श्रमिक और किसान प्रतिनिधि के हाथों अस्पताल का उद्घाटन हुआ। आज यह अस्पताल आधुनिक सुविधाओं, रक्त बैंक, शल्य चिकित्सा कक्ष, परीक्षण प्रयोगशाला तथा अन्य आवश्यक चिकित्सा सेवाओं से सुसज्जित है। प्रतिदिन सैकड़ों मरीज यहां उपचार के लिए पहुंचते हैं। दल्लीराजहरा ही नहीं, बल्कि बालोद, मोहला, मानपुर, कांकेर, पखांजूर, राजनांदगांव और आसपास के दूरस्थ क्षेत्रों से भी लोग यहां स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने आते हैं। शहीद अस्पताल आज भी उस विचार को जीवित रखे हुए है कि जब समाज संगठित होकर संकल्प लेता है, तब वह अपने बलबूते बड़े से बड़ा सपना साकार कर सकता है।

# शहीदों की स्मृति में जनगीत और शहादत नाटक का मंचन, ग्रामीणों ने लिया संघर्ष आगे बढ़ाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दल्लीराजहरा



जन मुक्ति मोर्चा द्वारा शहीदों की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम मुकादाह में नवजनवादी लोक कला मंच नवा बिहान के कलाकारों ने जनगीत एवं शहादत नाटक का प्रभावशाली मंचन कर ग्रामीणों के बीच संघर्ष, बलिदान और जनचेतना का संदेश पहुंचाया। देर रात तक चले सांस्कृतिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता निभाई और शहीदों के संघर्षमय जीवन को निकटता से महसूस किया।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने वर्ष 1977 के ऐतिहासिक मजदूर आंदोलन और उसमें शहीद हुए साथियों के अद्वितीय बलिदान को याद करते हुए कहा कि यह इतिहास केवल एक घटना नहीं, बल्कि अन्याय, शोषण और दमन के विरुद्ध जनसंघर्ष की अमर गाथा है। भले ही समय के साथ लोग इन शहादतों को भूलते जा रहे हों, लेकिन जन मुक्ति मोर्चा लगातार उनकी स्मृतियों को जीवित रखने का कार्य कर रहा है।

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन जून को शहीद स्मारक पर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। लाल-हरा झंडा थामे हजारों मजदूर, किसान, बेरोजगार युवा, छात्र और नवजवानों ने रैली निकालकर शहीदों के अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में ईश्वर निर्मलकर, पवन विश्वकर्मा, यादराम कोर्राम, पुसउ साहू, कुशल ठाकुर, बसंत रावटे तथा महेंद्र गंजीर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और जनसामान्य उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर सामाजिक न्याय, श्रमिक अधिकारों और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

रात्रिकालीन सांस्कृतिक आयोजन में नवजनवादी लोक कला मंच नवा बिहान के कलाकारों ने जनगीतों और शहादत नाटक के माध्यम से शहीदों की कुर्बानी, श्रमिक आंदोलनों के इतिहास और सामाजिक बदलाव के संदेश को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। कलाकारों की प्रस्तुति ने दर्शकों को भावुक कर दिया तथा कार्यक्रम स्थल देर तक तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में शहीद अस्पताल से जुड़े चिकित्सक वेद कुमार घंटाजी, प्रिय राज दर्शनी, विष्णु प्रिय दर्शनी, सुधीर यादव, बसंत रावटे, महेंद्र गंजीर, कलीराम सलामे, रायसिंह मंडावी, महेश कोला, कृष्ण मुरारी तथा राजू साहू सहित गांव के प्रमुख नागरिक, बुजुर्ग, माताएं, बहनें और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# 10 लाख रुपए की लागत से शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन, भाजपा मंडल देवरी की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

भारतीय जनता पार्टी मंडल देवरी की मासिक बैठक धार्मिक स्थल नर्मदाधाम सुरसुली में जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख एवं मंडल प्रभारी हरीश कटझरे की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख की अनुशंसा से अधोसंरचना मद से स्वीकृत 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाले शेड निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन भी किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण सौगात बताया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला एवं मंडल स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद लंबे समय तक प्रधानमंत्री के रूप में देश का नेतृत्व करने का गौरव नरेंद्र मोदी को प्राप्त हुआ है। उनके नेतृत्व में भारत ने विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से निर्धारित कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।



■ मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर होंगे विशेष कार्यक्रम

मंडल प्रभारी हरीश कटझरे ने पूर्व में दिए गए संगठनात्मक दायित्वों एवं कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक माह शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित करने तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया।

बैठक में मंडल अध्यक्ष विवेक वैष्णव ने स्वागत भाषण दिया, जबकि आभार प्रदर्शन महामंत्री टूमन साहू ने किया। कार्यक्रम में जिला पूर्व महामंत्री किशोरीलाल साहू, मंडल उपाध्यक्ष रामलाल नायक, उत्तम साहू, ऊर्मिला साहू, नेमीन साहू, जिला पंचायत सदस्य प्रभाराम नायक, किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रमेश सोनवानी, कोषाध्यक्ष नरेश कुमार साहू, महामंत्री राधेश्याम देवांगन, मंत्री मिथलेश तिवारी, जाग्रत देवांगन, पुनिया ठाकुर, युवा मोर्चा अध्यक्ष फनेश्वर साहू, महिला मोर्चा अध्यक्ष भूनेश्वरी ठाकुर, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष शुभम देशमुख, किसान मोर्चा अध्यक्ष यादराम सिन्हा, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष संतराम तारम, सरपंच हिना साहू, ईश्वर देवांगन, खुबलाल साहू, जनपद सदस्य एवं सभापति दुलारी देवांगन, पोषण देवांगन पिछड़ा वर्ग मोर्चा कोषाध्यक्ष पोषण देवांगन, अजय देवांगन, राम प्रसाद साहू, जयपाल साहू, सहित शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सह-संयोजक, विभिन्न मोर्चा-प्रकोष्ठों के अध्यक्ष एवं महामंत्री तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर भाजपा का जनसंपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

एनडीए सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला संगठन के निर्देशानुसार बढ़ता भारत, बदलता भारत अभियान के अंतर्गत विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया गया।

अभियान के तहत भाजपा मंडल देवरी के शक्ति केंद्र एवं बूथ पिनकापार मुख्यालय में सेवानिवृत्त प्रधान पाठक विमला बोरकर एवं सेवानिवृत्त प्रधान पाठक लल्लूराम साहू से भेंट कर केंद्र सरकार द्वारा बीते 12 वर्षों में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों, गरीब कल्याणकारी योजनाओं तथा किसान, महिला एवं युवाओं के हित में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

इस दौरान विमला बोरकर एवं लल्लूराम साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे देशहित और राष्ट्र निर्माण के संकल्प में प्रधानमंत्री मोदी के साथ है। विशेष जनसंपर्क अभियान में जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति प्रभा नायक, मंडल अध्यक्ष विवेक वैष्णव, मंडल उपाध्यक्ष रामलाल नायक, महामंत्री राधेश्याम देवांगन, मंत्री जाग्रत देवांगन, शाला विकास समिति के अध्यक्ष इंदू भूआर्य, सरपंच तारम रजक सहित मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# गर्मी में बढ़ी आग लगने की आशंका अग्नि सुरक्षा को लेकर एडवाइजरी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

भारत सरकार गृह मंत्रलय महानिदेशालय, अग्निशमन सेवा, नई दिल्ली एवं मुख्यालय नगर सेना रायपुर द्वारा ग्रीष्म ऋतु के दौरान आवासीय एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के लिये अग्निसुरक्षा संबंधित जागरूकता अभियान हेतु एडवाइजरी जारी की है। जिसके अंतर्गत घर की बिजली की वायरिंग और अप्लायंसेज, खासकर एयर कंडीशनर, कूलर और रेफ्रिजरेटर का समय–समय पर निरीक्षण जरूर करें।

बिजली का इस्तेमाल सावधानी से करें और जब इस्तेमाल न हो रहा हो तो अप्लायंसेज को बंद कर दें। सिर्फ आईएसआई मार्क (सही रेंटिंग) वाले बिजली के उपकरण इस्तेमाल करें और ढीले कनेक्शन से बचें। बिजली के उपकरणों का लगातार इस्तेमाल न करें। रेजिडेंशियल यूनिट के लिये कम्पैटिबल इलेट्रिक लोड पक्का करें। जब अप्लायंस इस्तेमाल में न हो, तो उन्हे बंद कर दे, खासकर जब बहुत ज्यादा गर्मी हो। एलपीजी सिलेंडर को सीधा रखें और साबुन के घोल से लीकेज चेक करें। पर्दे, लटकने वाली चीजें, दीये, मोमबत्तियां, अगरबत्ती वगैरह जैसी खुली लौ को पावर सॉकेट से दूर रखें। ओवरहीटिंग से बचने के लिये सही वेंटिलेशन बनाए रखें। इमरजेंसी में इस्तेमाल के लिये पानी, रेत की बाल्टियां आसानी से उपलब्ध रखें। परिवार के सभी सदस्यों को आग से सुरक्षा के तरीकों और इमरजेंसी में मदद हेतु डायल 101, 112 के बारे में बताएं। बालकनी, कॉरिडोर और सीढ़ियों को फालतू सामान से मुक्त रखें। पक्का करें कि बिल्डिंग की आने–जाने वाली सड़कें फायर सर्विस की गाड़ियों के लिये बिना रूकावट वाली हो।

इसके साथ ही बिजली के सॉकेट पर ज्यादा लोड न डाले या एक ही एक्सटेंशन बोर्ड पर कई ज्यादा लाड वाले उपकरण इस्तेमाल न करें। बिजली की तारे ढीली न रखें, बिजली खीचने वाले उपकरण जैसे कंप्रेसर वगैरह को एक दूसरे के पास न रखें। घर के अंदर ज्वलशील पदार्थ (केरोसीन, पेट्रोल, पटाखे) न रखे। खराब तार, ढीले प्लग इलेट्रिकल फिटिंग का इस्तेमाल न करें। बाहर निकलने के रास्ते या सीढ़ियों को फर्नीचर या स्टोरेज से ब्लॉक न करे। बिजली के उपकरणों को पर्दा या जलने वाली बीजों के पास न रखें। रात भर बिना देखरेख के डिवाइस चार्ज न करे। घर के अंदर कचरा न जलाएं। एलपीजी सिलेंडर को बंद या खराब हवादार जगहों पर न रखें। जलती हुई सिगरेट, मोमबत्ती, केरोसीन, लैंप को लापरवाही से न फेंके, इनसे खतरनाक आग लग सकती है। कूलिंग डिवाइस के ज्यादा इस्तेमाल से ओवरहीटिंग हो सकती है इसके लिए सही वायरिंग और लोड डिट्रिब्यूशन पक्का करें। टेम्परारी या कामचलाऊ बिजली कनेक्शन से बचें। इन्वर्टर, बैटरी सिस्टम को ओवरहीटिंग और सही वेंटिलेशन के लिये चेक करने के संबंध में आम नागरिकों को विस्तृत समझाईश दी गई है।

SIDDHIVINAYAK सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**डौंडीलोहारा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत सत्र 2026-27 में बी.ए., बी. काम एवं बी.एस.सी (बायो, गणित, माइक्रो) प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा दिनांक 16.06.2026 से विश्वविद्यालय की वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डाट दुर्ग यूनिवर्सिटी डाट एसी डाट इन पर आनलाईन पद्धति से प्रवेश फार्म भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। प्रवेश हेतु स्नातक प्रथम सेमेस्टर के सभी कक्षाओं के लिए प्रथम मेरिट सूची दिनांक 06.07.2026 को जारी की जायेगी। मेरिट सूची में चयनित विद्यार्थी दिनांक 06.07.2026 से 15.07.2026 तक प्रवेश ले सकेंगे। प्रथम मेरिट सूची में चयनित छात्र-छात्राओं द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रवेश नहीं लेने पर मेरिट सूची स्वतः समाप्त हो जायेगी जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रवेश लेने वाले छात्र/छात्रा की होगी। इसके लिए संस्था जिम्मेदार नहीं होगा। प्रवेश प्रक्रिया एवं विषय चयन आदि से संबंधित जानकारियों के लिए महाविद्यालयीन समय में सम्पर्क किया जा सकता है। उक्ताशय की जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रोशन आरा ने दी।

### जिला रोजगार कार्यालय में 12 जून को प्लेसमेंट कैंप 395 पदों पर होगी भर्ती

**बालोद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र बालोद में 12 जून को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी बालोद ने बताया कि प्लेसमेंट में कुल 04 नियोजकों द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में स्वतंत्र माइक्रो फायनेंस लिमिटेड रायपुर द्वारा फील्ड ऑफिसर के 30 एवं कलेक्शन ऑफिसर के 10 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसमें फील्ड ऑफिसर के पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 10वीं एवं 12वीं पास तथा आयु 18 से 30 वर्ष निर्धारित की गई है तथा कलेक्शन ऑफिसर के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं एवं ग्रेजुएट तथा आयु 18 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है। इसी तरह नियोजक श्रम इन टैलेंट प्रायवेट लिमिटेड नोएडा द्वारा इले्ट्रिक मेट्रो टेक्निशियन के 50 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं, आईटीआई एवं स्नातक उत्तीर्ण तथा अभ्यर्थी की आयु 18 से 30 वर्ष निर्धारित की गई है। इसी तरह सेफ इंटेलीजेंट सिक्यूरीटी सर्विसेस भिलाई के द्वारा सिक्यूरिटी गार्ड पुरूष के 150 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता पांचवी एवं आठवीं तथा आयु 20 से 40 वर्ष निर्धारित है। इसी तरह मार्केटिंग मैनेजर के 02 पद हेतु हेतु शैक्षणिक योग्यता ग्रेजुएट एवं एमबीए तथा आयु 20 से 40 वर्ष निर्धारित है। सिक्यूरिटी सुपरवाईजर पुरूष के 50 पद हेतु 02 वर्ष कार्य अनुभव के साथ शैक्षणिक योग्यता 12वीं या ग्रेजुएट तथा आयु 25 से 40 वर्ष निर्धारित है। इसी तरह सिक्यूरिटी ट्रेनिंग के 03 पद हेतु साथ शैक्षणिक योग्यता ग्रेजुएट तथा आयु 20 से 40 वर्ष निर्धारित है। इसी तरह नियोजक ग्लोबल एचआर सॉल्यूशन विराट नगर बोरसी दुर्ग में सिक्यूरिटी गार्ड के 100 पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास एवं आयु 18 से 45 वर्ष निर्धारित है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी मूल प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित हो सकते हैं। इसके साथ ही उक्त संबंध में अधिक जानकारी वेबसाईट ई रोजगार सीजी डॉट जीओवी डॉट इन या जिला रोजगार कार्यालय बालोद से प्राप्त की जा सकती है।

## निधन

### सम्बोधि राम साहू

**बालोद/निकुम।** ग्राम निकुम भाटापारा निवासी 78 वर्षीय सेवानिवृत वरिष्ठ शिक्षक सम्बोधि राम साहू का निधन हो गया, अंतिम संस्कार गृहग्राम निकुम मुक्तिधाम में किया गया। वह द्रोण साहू व कमलनारायण साहू के पिता थे।



**अभियान :** हितग्राहियों को आवास, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ

# कोडेकसा जनसमस्या निवारण शिविर में 188 आवेदन मिले, 56 मामलों का मौके पर निराकरण, सुशासन तिहार 2026 का समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाओं का उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से 01 मई से प्रारंभ की गई सुशासन तिहार 2026 बालोद जिले में संपन्न हुआ। सुशासन तिहार के तहत 04 मई से जिले के प्रत्येक विकासखण्डों के अलग–अलग स्थानों पर आयोजित किए जाने वाले जनसमस्या निवारण शिविरों के अंतर्गत आज जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के सुदूर वनांचल के ग्राम कोडेकसा में आयोजित जिले के अंतिम जनसमस्या निवारण शिविर का रंगारंग समापान किया गया। ग्राम कोडेकसा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर कोडेकसा सहित आसपास के 14 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण एवं हितग्राही सम्मिलित हुए। शिविर में आज विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 188 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से 56 आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया गया।

शासकीय हायर सेण्डरी स्कूल मैदान कोडेकसा में आयोजित शिविर में उपस्थित अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा, जनपद अध्यक्ष कांति सोनबरसा, जनपद उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर, जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम, जनपद सदस्य जागेश्वर कौड़ो, राजेश्वरी टेकाम, दुलारी देवांगन, ग्राम पंचायत कोडेकसा के सरपंच ऐन सिंह भुआर्य सहित अन्य अतिथियों के द्वारा हितग्राहियों को स्वामीत्व योजना अंतर्गत अधिकार अभिलेख का वितरण, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास पूर्णता प्रमाण पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, आयुष्मान कार्ड, नया राशन कार्ड, मत्स्य पालन प्रसार योजना अंतर्गत हितग्राहियों को









जाल एवं आईस बॉक्स वितरण के अलावा शासन के अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इसके अलावा शिविर में राज्य शासन के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने हेतु मेडिकल बोर्ड लगाया गया था।

शिविर में अतिथियों के द्वारा बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार एवं गर्भवती माताओं को सुपोषण किट भेंटकर उनके गोदभराई के रस्म को पूरा किया गया। इस अवसर पर स्थानीय लोक कलाकारों के द्वारा केन्द्र व राज्य सरकार के विकास कायोंर् पर आधारित एवं सुमधुर नैनाभिराम सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से जिले के अंतिम जनसमस्या निवारण शिविर को यादगार एवं चिरस्मरणीय बना दिया।

जनपद अध्यक्ष कांति सोनबरसा ने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार के दौरान प्रशासनिक अमले के द्वारा आम जनता के बीच पहुँचकर उनके मांगों एवं वास्तविक समस्याओं से रूबरू होकर उनका समुचित निराकरण सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है।

जनपद उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर ने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से लेकर प्रदेश के मंत्रियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा संपूर्ण प्रशासनिक अमला आम जनता के बीच पहुंचकर शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं की क्रियान्वयन की स्थिति का पड़ताल कर रहे हैं। इसके अलावा शासन–प्रशासन के लोगों के द्वारा आम जनता के वास्तवित मांगों एवं समस्याओं से वाकिफ भी हो रहे हैं।

जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम ने अंचल के प्रमुख मांगों एवं आवश्यकताओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। शिविर को जनपद सदस्य दुलारी बाई देवांगन, रामेश्वरी टेकाम एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के द्वारा अपने–अपने विभागों में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

ग्राम कोडेकसा में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम कोडेकसा, गैंजी, जाटादाह, कमकापार, हितापठार, बड़ाजुंगेरा, पीपरखार, चिखली, किल्लेकोड़ा, झरनटोला, सहगांव, खड़बत्तर, सिवनी और बटेरा ग्राम पंचायतों के ग्रामीण जन शामिल हुए थे। शिविर में गोविंद चंद्राकर, प्रकाश सोनबरसा के अलावा आसपास के 14 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं अन्य अतिथियों व विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घ कार्यकाल पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने की विशेष पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

- जिले के 17 मंडलों में भी आयोजित हुए धार्मिक कार्यक्रम
- मंदिर परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान
- प्रधानमंत्री के यशस्वी और दीर्घायु जीवन की प्रार्थना

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा निर्वाचित प्रधानमंत्री के रुप में लम्बे समय का कार्यकाल पुर्ण करने का रिकार्ड दर्ज करने एवं सर्वहारा वर्ग हेतु विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से फलीभूत कर देश को ऊंचाई तक पहुंचा कर अग्रणी भारत स्वावलंबी भारत बनाने में राष्ट्र प्रथम के अपनी संकल्प को पूर्ण करने पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला बालोद ने विशेष पुजा अर्चना की।



जिला अध्यक्ष श्याम जायसवाल के अगुवाई में झलमला स्थित मां गंगा मैया मंदिर में विशेष पुजा अर्चना कर प्रधानमंत्री के यशस्वी एवं दिर्घायु होने की मंगल कामना किया, साथ ही मां गंगा मैया मंदिर परिसर की साफ सफाई किया गया। बालोद जिले के 17 मंडल में भी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के बैनर तले अपने मण्डल स्तर पर मन्दिरों में पुजा अर्चना किया गया

उक्त अवसर पर जिला महामंत्री दव्य संतोष कौशिक, जनार्दन सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष विनोद कौशिक, भुनेशवर साहनी, जिला कोषाध्यक्ष पोषण लाल देवांगन, जिला मंत्री कृष्ण कुमार साहू, मुरली साहू, रमणी बाघ, कुलवंत, प्रकाश वैष्णव, तुका राम साहू, बालोद शहर मंडल अध्यक्ष ईश्वर साहू सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## रहवासी क्षेत्र में कबाड़ व्यवसाय से बढ़ी परेशानी कार्रवाई नहीं होने से वार्डवासी नाराज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

**पार्षद शिवानी भंसाली ने कलेक्टर को सौंपा शिकायत पत्र**



नगर पंचायत डौंडीलोहारा के वार्ड क्रमांक 10 एवं 11 में रहवासी क्षेत्र के बीच संचालित कबाड़ व्यवसाय और उससे जुड़े अतिक्रमण को लेकर स्थानीय लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वार्डवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। अब इस मामले की शिकायत सीधे मुख्यमंत्री से करने की तैयारी की जा रही है। वार्ड क्रमांक 11 की पार्षद शिवानी रजत भंसाली ने इस संबंध में जिला कलेक्टर को विस्तृत शिकायत पत्र सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की थी। शिकायत में बताया गया है कि आवासीय क्षेत्र के बीच संचालित कबाड़ व्यवसाय के कारण नागरिकों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद अब तक स्थिति जस की तस बनी हुई है। कबाड़ सामग्री सड़क तक फैला दी जाती है, जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है। बच्चों के खेलने के स्थानों पर भी कबाड़ जमा होने से उनकी सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है।

क्षेत्र में कांच के टुकड़े, लोहे की धारदार कतरनें और अन्य खतरनाक सामग्री बिखरी रहने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। वहीं गर्मी के मौसम में प्लास्टिक एवं अन्य ज्वलनशील कबाड़ सामग्री के कारण आग लगने का खतरा भी बना हुआ है। पार्षद और स्थानीय नागरिकों ने यह भी बताया कि क्षेत्र में पहले से पानी की समस्या है। सड़कों पर खड़े भारी वाहनों और अतिक्रमण के कारण पानी के टैंकरों तथा आपातकालीन सेवाओं के वाहनों के आवागमन में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। नागरिकों का कहना है कि इस संबंध में नगर पंचायत, तहसील प्रशासन, अनुविभागीय अधिकारी तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो मामले को मुख्यमंत्री स्तर तक ले जाया जाएगा।

## स्वामी आत्माराम कुम्भज का 80वां अवतरण दिवस श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद



- गुरु पादुका पूजन और वेदांत प्रवचन के साथ हुआ शुभारंभ

महर्षि मुक्त सत्संगियों की वृहद उपस्थिति में महर्षि मुक्त लोक सेवा न्यास हथौद में स्वामी आत्मा राम कुम्भज का 80 वां अवतरण दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम आचार्य मनोज शर्मा द्वारा मुक्ताश्रम के सदस्य लखन नेताम और राम भरोसा यजमान द्वारा गुरु पादुका पूजन से प्रारंभ हुई। वेदांत वक्ता गिरिजा देवी शर्मा द्वारा प्रारंभ नारायणोपनिषद के मंत्रेचारण से कथा प्रारंभ हुई। माता जी कहा कि आम आदमी का सिर्फ जनम होता है, जबकि स्वामी आत्माराम कुम्भज जैसे संत महापुरुष का अवतरण होता है। उनका जीवन सप्रयोजन होता है। आदि शंकराचार्य परंपरा के जीवित वेदांत भगवान महर्षि मुक्त की 50 वषोंर् तक अनवरत सुदूर वनांचल तक होती रही।

इसी परंपरा को आगे बढ़ाने का जिम्मा स्वामी परमानंद शास्त्री, स्वामी वीरसिंह देव, स्वामी कुम्भज, स्वामी सत्यानंद, स्वामी रामसूरत मिश्रा, स्वामी कुलेश्वर शर्मा ने निभाई। बस्तर के वनांचल में भोले भाले आदिवासियों के बीच जाकर स्वामी आत्मा राम कुम्भज ने तृण से लेकर ब्रम्हा पर्यंत मै आत्म से भिन्न कुछ भी नहीं है, जीवन ही परमात्मा है जैसे गहन सूत्रें से गुह्य ज्ञान को आदिवासियों के बीच सहजता से रखा।

अपने जीवन में ब्रह्मचर्य का पालन करते कुम्भज जी ने गुरु, मुक्त निष्ठक हो कर सारा जीवन मुक्ताश्रम के लिए अर्पित कर दिया। उन्होंने अपने जीवन में सोना ही आभूषण है, सुत ही कपड़ा है, मिट्टी ही बर्तन है, लकड़ी ही डंडा है, जीवन ही परमात्मा है की सिद्धि को ओजपूर्ण शैली में रख कर जन मानस में अपने संतत्व को स्थापित किया। सिर्फ छत्तीसगढ़ ही नहीं अपितु बक्सर, बिहार और महुवा गुजरात जैसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच में संत नारायणदास भक्तमाली और मोरारी बापू जैसे संतों की उपस्थिति में वेदांत का डंका पीट कर छत्तीसगढ़ की प्रतिभा को दिखाया और बालोद जिले को गौरवान्वित किया। माताजी ने कहा कि स्वामी आत्मा राम कुम्भज के बताए मार्ग का अनुसरण ही उनकी अवतरण दिवस मनाने की सार्थकता है।

संध्या दूरदर्शन एवं आकाशवाणी पंडवानी कलाकार मुक्तवीर पंडवानी पार्टी के संचालक भाई प्रहलाद निषाद द्वारा स्वामी वीरसिंह देव के भजनो की पुनरावृति के साथ महाभारत में वेदव्यास अवतरण की कथा सुनाई।

कार्यक्रम में खैरागढ़, कवर्धा, बस्तर, कांकेर, अबागढ़ चौकी, मोहला, दुर्ग बेमेतरा, बालोद से बड़ी संख्या में मुक्तनुचार स्वामी कुम्भज जी सत्संगियों ने उपस्थिति दी। आयोजक महर्षि मुक्त लोकसेवा न्यास हथौद और प्रायोजक व मंच संचालन स्वामी कुम्भज जी के शिष्य डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत रहे।

## पांच दिवसीय निःशुल्क युवा शिविर का शुभारंभ, 180 युवा ले रहे प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर



श्रीराम जानकी गायत्री शक्तिपीठ गुरुर बालोद में पांच दिवसीय निःशुल्क आवासीय युवा शिविर का शुभारंभ किया गया, शिविर मे युवाओं में व्यक्तित्व निर्माण एवं राष्ट्र जागरण का संदेश दिया जा रहा है।

गायत्री परिवार बालोद के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ गुरुर में आयोजित पांच दिवसीय निःशुल्क आवासीय युवा शिविर 11 से 15 जून तक चलेगा, इस आवासीय शिविर का शुभारंभ संयोजक प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ छग चम्पेश्वर साहू, जिला समन्वयक बालोद बीएस अठनगर, समाजसेविका निधि टूवानी, अन्नपूर्णा हिरवानी, समन्वयक डॉ गोपाल साहू ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गायत्री परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में गायत्री मंत्र एवं वैदिक मंत्रेच्चार का वाचन किया गया। अतिथियों ने कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को केवल शैक्षणिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि नैतिकता, अनुशासन, संस्कार और आत्मविश्वास की भी आवश्यकता है। ऐसे शिविर युवाओं को सही दिशा देने का कार्य करते हैं। जिले के विभिन्न क्षेत्रें सहित अन्य जिलों से भी युवा शिविर में भाग लेने पहुंचे हैं। शिविर में लगभग 180 युवक–युवतियां सहभागिता कर रहे हैं। शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं का व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक एवं आध्यात्मिक उत्थान तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति जागरूकता विकसित करना है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को विशेष रूप से एकाग्रता, स्मरण शक्ति, समय प्रबंधन एवं तनाव नियंत्रण के व्यावहारिक प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। पांच दिवसीय शिविर में योग, प्राणायाम, ध्यान, गायत्री साधना, व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता निर्माण, नशा मुक्ति, चरित्र निर्माण, स्वावलंबन, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र चेतना जैसे विषयों पर अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। शिविर में प्रतिदिन प्रातःकालीन साधना, समूह चर्चा, प्रेरक सत्र एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन भी किया जा रहा है। शांतिकुंज हरिद्वार से आई टोली के प्रतिनिधि कुलदीप कृष्ण भारती, डागेश्वर साहू, भेमेश्वरी साहू, प्रिया साहू द्वारा युवाओं को जीवन प्रबंधन, संस्कार निर्माण एवं आध्यात्मिक जीवन शैली के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला समन्वयक बीएस अठनगर, ब्लॉक सह समन्वयक डॉ गोपाल साहू, जिला युवा प्रकोष्ठ समन्वयक दिलीप कुमार निर्मलकर, रोहित साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। ब्लॉक युवा प्रकोष्ठ गुरर के नामदेव साहू, नरेंद्र साहू, जगमोहन साहू, भोलेश्वर सिन्हा ने बताया कि शिविर के माध्यम से युवाओं को संस्कारित, जागरूक एवं आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने जिले के युवाओं से ऐसे रचनात्मक आयोजनों से जुड़कर अपने व्यक्तित्व विकास एवं समाज निर्माण में सहभागी बनने की अपील की।

## पाटेश्वर धाम में आज 'सनातन का शंखनाद' कार्यक्रम

**डौंडीलोहारा।** जिले के प्रसिद्ध तीर्थस्थल मां कौशल्या धाम, श्री जामड़ी पाटेश्वर आश्रम में 12 जून को दोपहर 2 बजे से 'सनातन का शंखनाद' नामक विशेष धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आश्रम के संत ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि पुरुषोत्तम मास के दौरान आश्रम में विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में जयपुर से आने वाले वक्ता सनातन संस्कृति, ज्योतिष एवं वास्तु शास्त्र के महत्व पर अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं को भारतीय ऋषि-मुनियों द्वारा स्थापित ज्ञान परंपरा और उसके जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव की जानकारी दी जाएगी। आयोजकों के अनुसार, जो श्रद्धालु पुरुषोत्तम मास के दौरान आश्रम नहीं पहुंच सके हैं, उनके लिए यह विशेष अवसर होगा। इस दौरान चल रहे रामायण पाठ, भागवत कथा, रुद्राभिषेक एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के दर्शन का भी लाभ श्रद्धालुओं को मिलेगा।आश्रम प्रबंधन ने प्रदेशभर के श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। आयोजकों का कहना है कि कार्यक्रम में आने वाले लोगों को आध्यात्मिक मार्गदर्शन एवं जीवन से जुड़ी जिज्ञासाओं के समाधान संबंधी जानकारी भी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा 13 जून को मां कौशल्या धाम में प्रदेश स्तरीय कलार समाज सम्मेलन का आयोजन भी प्रस्तावित है, जिसमें समाज के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आश्रम प्रबंधन ने दोनों आयोजनों में प्रदेशवासियों को सादर आमंत्रित किया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज